भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1428

06 दिसंबर, 2024 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन के लिए उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना

1428. डा. भागवत कराड़:
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:
श्री संत बलबीर सिंह:
श्री नरेश बंसल:
क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस्पात उत्पादन को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए नई उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) शुरू करने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री एच.डी. कुमारास्वामी)

(क)और(ख): देश के भीतर विशेष इस्पात के विनिर्माण को बढ़ावा देने और पूंजीगत निवेश को आकर्षित करके आयात को कम करने के लिए इस्पात मंत्रालय द्वारा जुलाई, 2021 में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना अधिसूचित की गई और यह योजना अप्रैल, 2023 से चल रही है। विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत अनुमानित अतिरिक्त निवेश 27,106 करोड़ रुपये, लगभग 24 मिलियन टन की डाउनस्ट्रीम क्षमता निर्माण और 14,760 प्रत्यक्ष रोजगार सृजन अनुमानित है।

*****